# CLASS - VI
# MID TERM EXAMINATION 2022-23
# SUBJECT- HINDI
# SET - A1

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या बारह है।**
- **उत्तरपुस्तिका में सेट संख्या अवश्य लिखिए।**
- **सुंदर लिखावट तथा वर्तनी की शुद्धता का ध्यान रखिए।**

**1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-** **5**
- अनुशासन का महत्त्व
- मीठे बोल
- देशप्रेम
- समय बहुमूल्य है।

**2. जन्मदिवस की बधाई देते हुए मित्र को पत्र लिखिए।** **5**

**अथवा**

**अपने मोहल्ले में चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं की शिकायत करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।**

**3. दिए गए चित्र का वर्णन 35-40 शब्दों में कीजिए-** **5**



**4. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2+2+1=5**

**गोल हैं खूब मगर**
**आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा।**
**आप पहने हुए हैं कुल आकाश**
**तारों-जड़ा;**
**सिर्फ मुँह खोले हुए हैं अपना**
**गोरा-चिट्टा**
**गोल-मटोल,**
**अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।**
**आप कुछ तिरछे नज़र आते हैं जाने कैसे**

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।
(ii) गोल कौन है और वह कैसे नज़र आते हैं ?
(iii)' सिम्त' शब्द का अर्थ लिखिए।

**अथवा**

**हम मेहनतवालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया ।**
**सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया**
**फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं बाँहें**
**हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें**
**साथी हाथ बढ़ाना।**

(i ) हम कब चट्टानों से भी रास्ता निकाल सकते हैं ?
(ii) मिलकर मेहनत करने से क्या संभव है?
(iii) 'फ़ौलादी' शब्द का अर्थ लिखिए ।

**5 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3x3=9**

(i) आशय स्पष्ट करो- चढ़ी नदी का दिल टटोलकर जल का मोती ले जाती है।
(ii) लड़की ने चाँद के घटने बढ़ने को क्या माना है और क्यों? कविता में चाँद की पोशाक के बारे में क्या कहा गया है?
(iii) सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया'-साहिर ने ऐसा क्यों कहा है? लिखो।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4x4= 16**

(i) डॉक्टर साहब ने लेखिका को क्या आश्वासन दिया था?लेखिका का चश्मा न उतरने के लिए कौन ज़िम्मेदार है और कैसे?
(ii) लेखिका अपने बचपन में कौन-कौन सी चीजें मज़ा ले-लेकर खाती थीं? उनमें से प्रमुख फलों के नाम लिखो।
(iii) दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता है?गोल, चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है?

(iv) 'पर सारे देश के ... अपने-अपने विद्यापति हैं'-इस वाक्य का क्या अर्थ है?
(v) वास्तविक लोकगीतों का संबंध कहाँ से है? हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं?

**7. रिक्त स्थान भरिए--** **5**

क) साथी हाथ बढ़ाना गीत के रचयिता का नाम ................................. है|

ख) लोकगीत पाठ के लेखक का नाम ....................................... है।

ग) वह चिड़िया जो कविता के कवि का नाम .............................. है।

घ) बचपन पाठ की लेखिका का नाम ..........................................है।

ड़)संसार पुस्तक है पाठ के लेखक का नाम ...................................... है।

**8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2x3=6**

राम-भरत संवाद के समय मंत्री और सभासद वहाँ उपस्थित थे। मुनि वशिष्ठ भी। भरत बार-बार राम से लौटने का आग्रह करते रहे। राम हर बार पुरी विनम्रता और दृढ़ता के साथ अस्वीकार करते रहे| महर्षि वशिष्ठ ने कहा, "राम रघुकुल की परंपरा में राजा ज्येष्ठ पुत्र ही होता है। तुम्हें अयोध्या लौटकर अपना दायित्व निभाना चाहिए। इसी में कुल का मान है।" राम ने बहुत संयत स्वर में कहा, "चाहे चंद्रमा अपनी चमक छोड़ दे, सूर्य पानी की तरह ठंडा हो जाए, हिमालय शीतल न रहे, समुद्र की मर्यादा भंग हो जाए, परंतु मैं पिता की आज्ञा से विरत नहीं हो सकता। मैं उन्हीं की आज्ञा से वन आया हूँ। उन्हीं की आज्ञा से भरत को राज सिंहासन संभालना चाहिए।" राम किसी तरह लौटने को तैयार नहीं हुए। भरत के चेहरे पर निराशा के भाव थे। वे असफल हो गए थे। राम को मनाने में।

क) राम से कौन बार-बार क्या आग्रह कर रहे थे और राम की उस आग्रह पर क्या प्रतिक्रिया थी?
ख) रघुकुल की परम्परा के बारे में किसने क्या बताया?
ग) किसके चेहरे पर निराशा के भाव थे और इसका क्या कारण था?

**9. निर्देशानुसार कीजिए-**

(क) वाक्य शुद्ध कीजिए- यहाँ शुद्ध गाय का घी मिलता है। <u>**या**</u> 1
शाम चार बजे जाऊँगा स्टेशन मैं।

(ख) <u>**किसी एक**</u> मुहावरे का अर्थ लिखिए - ज़मीन - आसमान एक करना । <u>**या**</u> खून खौलना। 1

(ग) दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए <u>**(कोई एक)**</u> - चंद्रमा/ गाय 2

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-** **1x8 = 8**

क) 'ग्वाला' शब्द का स्त्रीलिंग होगा-
(i) ग्वालों (ii) ग्वालिन
iii) गवालीन iv) ग्वालिण

ख) 'कविता' शब्द का बहुवचन होगा-
i) कविताय ii) कविताओं

iii) कविताएँ iv) कवीताएँ

ग) 'रुपया' शब्द का वर्ण- विच्छेद है -
(i) र+ ऊ + प + य+आ (ii) र + अ+ उ+ प+ य+ आ
(iii) र् + उ + प् + अ + य् + आ (iv) र्+ ऊ + प् + य+आ

घ) आदर्श का विलोम शब्द है -
(i) आदर्शवादी (ii) यथारथ
(iii) यथार्थ (iv) यथार्ठ

ड़) अहं शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द है-
(i) अहँकार (ii) अहंकार
(iii) अंधकार (iv) अहंकर

च) चौबीस को हिंदी अंक में लिखेंगे-
(i ) १४ (ii) २३
(iii ) २५ (iv) २४

छ) 'कम भोजन करनेवाला' इस वाक्यांश के लिए किस एक शब्द का प्रयोग होगा ?
(i) असहाय (ii) अलपहारी
(iii) अल्पाहारी (iv) अभागा

ज) 'जिसके आने की तिथि निश्चित न हो' - इस वाक्यांश के लिए किस एक शब्द का प्रयोग होगा ?
(i) अतुलनीय (ii) अतिथी
(iii ) अतिथि (iv) अतीथि

**11 . निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- 1x6= 6**

(क) इंदिरा और इंद्रा शब्द का अर्थ है-
(i) इंद्र की पत्नी और लक्ष्मी (ii) मात्रा और सबूत
(iii) लक्ष्मी और इंद्र की पत्नी (iv) तरफ़ और तथा

ख) अंतर और अंदर शब्द का अर्थ है -
(i ) हृदय और भीतर (ii) भीतर और हृदय
(iii) एक अस्त्र और पशु (iv) आसमान और पर्वत

ग) कुल शब्द के दो सही अर्थ है -
(i) शरीर, भाग (ii) आकाश, ईश्वर
(iii) सब, वंश (iv) जल, प्राण

(घ) उत्तर शब्द के दो सही अर्थ हैं -

(i) जवाब, गुरु (ii) जवाब , दिशा का नाम
(iii) आकाश, शून्य (iv) अध्यापक, प्राण

ड़) वे वर्ण जिनके उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता की आवश्यकता नहीं होती, ...... कहलाते हैं ।

(i ) अनुस्वार (ii) अनुनासिक
(iii) स्वर (iv) व्यंजन

(च) जिन स्वरों के उच्चारण में मुख के साथ-साथ नासिका की भी सहायता लेनी पड़ती है वे। ....... कहलाते हैं |
(i) स्वर (ii) व्यंजन
(iii ) अनुस्वार (iv) अनुनासिक

**12. रेखांकित पद का भेद सही विकल्प चुनकर बताइए - 1x6= 6**

क) **गांधी जी** ने अहिंसा का पाठ पढ़ाया।
(i) जातिवाचक संज्ञा (ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(iii) संबंधवाचक सर्वनाम (iv) भाववाचक संज्ञा

ख) उसके पास **थोड़े** चावल हैं।
(i) सार्वनामिक विशेषण (ii) गुणवाचक विशेषण
(iii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण (iv) संख्यावाचक विशेषण

ग) **यह** वही सईकिल है, **जो** आपने खरीदी थी।
(i) प्रश्नवाचक सर्वनाम (ii) निजवाचक सर्वनाम
(iii)संबंधवाचक सर्वनाम (iv) व्यक्तिवाचक संज्ञा

घ) मेरे पास **कुछ** रुपये हैं।
(i) गुणवाचक विशेषण (ii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(iii) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (iv) सार्वनामिक विशेषण

ड़) मोहन का **कुछ** खो गया।
(i) निश्चियवाचक सर्वनाम (ii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(iii) प्रश्नवाचक सर्वनाम (iv) संबंधवाचक सर्वनाम

(च)**'बुढ़ापा'** एक प्रकार का अभिशाप है |

(i ) जातिवाचक संज्ञा (ii) भाववाचक संज्ञा
(iii) व्यक्तिवाचक संज्ञा (iv ) समूहवाचक संज्ञा

AA